प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 03.09.2023

प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 03.09.2023

चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद, 03 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना कोतवाली नगर)

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद प्रतापगढ मे हुई अपराधिक वारदातो के अनावरण व सक्रिय अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे कल दिनांक 02.09.2023 को थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 श्री धनश्याम सिंह व उ0नि0 श्री सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के सीताराम धाम के पास से 03 व्यक्तियों को चोरी की 02 मोटर साइकिल एक बजाज डिस्कबर नं0 UP72 K 8394 व सुपर स्पलेण्डर लाल रंग मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के खजुरनी पुल के पास घने झाड में से 03 अदद और चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की गईं। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0स0 592/23 धारा 411, 413 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. मोहित तिवारी पुत्र शीतला प्रसाद तिवारी नि0ग्राम फूलपुर थाना ़लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।
2. विष्णू सरोज उर्फ टिण्टू पुत्र रामफेर सरोज नि0ग्राम भगवा थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।
3. मो0 फिरोज पुत्र रियाज हसन नि0ग्राम विवेक नगर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगीः-(चोरी की 05 अदद मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट)

01. एक अदद बजाज डिस्कबर यूपी 72 के 8934 ।

02. एक अदद सुपर स्पलेण्डर लाल रंग बिना नम्बर।

03. एक अदद एचएफ डीलक्स बिना नम्बर।

04. एक अदद एचएफ डीलक्स बिना नम्बर।

05. एक अदद हीरो स्पलेण्डर प्लस बिना नम्बर।

पूछतांछ का विवरण- पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग आपस में दोस्त हैं, और महंगा नशा करते हैं। अपने नशे की पूर्ति के लिए मोटर साइकिल को चोरी करके उनको बेच देते हैं और जो पैसा मिलता है उससे अपना नशा पूरा करते हैं। मोहित तिवारी व विष्णू सरोज ने बरामद बजाज डिस्कबर मोटर साइकिल को दो दिन पहले रात्रि में दहिलामऊ से चोरी की थी व मो0 फिरोज और मोहित तिवारी ने मिलकर सुपर स्पलेण्डर लाल रंग मोटर साइकिल को दो महीने पहले प्लाजा पैलेस से चोरी की थी।

पुलिस टीम-

उ0नि0 श्री धनश्याम सिंह व उ0नि0 श्री सूर्य प्रताप सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 03.09.2023

02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार (थाना हथिगवां)

जनपद के थाना हथिगवां के उ0नि0 श्री रमिल कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वाद संख्या 2074/2020 धारा 147, 148, 352, 323, 504, 506, 427, 452 भादवि थाना हथिगवां से सम्बन्धित वारण्टी 02 अभियुक्तों 01. इसरार हुसैन पुत्र जौवाद हुसैन 02. अकरम पुत्र मो0 हासिम नि0गण ग्राम बरना खनऊ का पुरवा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।